डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. NO. RAJHIN/2006/16735 राजस्थान एवं केन्द्र सरकार से विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

रॉयल पत्रिका की ओर से ईद मिलादुन्नबी की दिली मुबारकबाद

# रॉयल पत्रिका

प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी कैसे करें?और सरकारी नौकरियों की जानकारी के लिए पढ़ें पृष्ठ 5

वर्ष : 20 | अंक : 32 | पेज: 08 | जयपुर, सोमवार, 08 सितंबर से 14 सितंबर 2025 | साप्ताहिक | मूल्य: 7 रुपए

## बिहार में एक भी मुस्लिम नेता मुख्यमंत्री का दावेदार नहीं

### -बिहार में करीब 20 प्रतिशत मुस्लिम आबादी

**एम. खान**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। बिहार विधानसभा 2025 में मुस्लिम मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण रहने वाली है। बिहार विधानसभा 2020 में आरजेडी और जेडीयू ने मिलकर चुनाव लड़ा था। जिसमें मुस्लिम मतदाताओं ने आरजेडी और जेडीयू का समर्थन किया था। नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री बने थे। बिहार में आरजेडी के नेता तेजस्वी यादव ने यादव मुस्लिम गठबंधन मजबूत किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मुस्लिम मतदाताओं का समर्थन पिछले चुनाव की तरह चाहते हैं। प्रशांत किशोर की पार्टी जनस्वराज भी बिहार के सत्ता में आने के लिए मुस्लिम मतदाताओं का समर्थन चाहती है। प्रशांत किशोर ने दर्जनों मुस्लिम उम्मीदवार बिहार विधानसभा में उतारने का ऐलान किया है। लेकिन किसी गठबंधन एवं पार्टी ने मुस्लिम को मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित नहीं किया है। जबकि बिहार में मुस्लिम समुदाय किसी भी जाती वर्ग से ज्यादा संख्या में है। बिहार में यादव, कुर्मी, ब्राह्मण एवं दलित नेता मुख्यमंत्री के दावेदार हैं लेकिन एक भी मुस्लिम नेता मुख्यमंत्री का दावेदार नहीं है।



**मुस्लिम नेता क्यों नहीं हैं मुख्यमंत्री के दावेदार-**

बिहार में आरजेडी, जेडीयू, कांग्रेस, लोकजनशक्ति पार्टी, जनस्वराज पार्टी आदि सभी मुसलमानों के वोट लेना चाहती है और मुस्लिम को वोट बैंक समझती है। लेकिन यही पार्टियां किसी मुस्लिम नेता को ज्यादा ना तो तरजीह देती है और ना ही मुख्यमंत्री बनाना चाहती है। भाजपा एक मात्र ऐसी पार्टी है जो मुस्लिम मतदाताओं के भरोसे नहीं रहती हैं। लेकिन मुस्लिम विरोध की राजनीति के चलते फायदा पूरा उठाती है। दूसरा कारण है कि बिहार में कोई भी मुस्लिम कददावर नेता नहीं है और राजनीतिक दल अपनी पार्टियों में कोई कददावर नेता पनपने भी नहीं देती है। बिहार में मुस्लिम भी अगड़े और पिछड़ी जातियों में बंटे हैं। पिछड़ी जातियों में नेताओं की कमी है और अगड़े मुस्लिम नेताओं को राजनीतिक दल आगे नहीं बढ़ाते हैं। बिहार में मुसलमानो की आर्थिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक पिछड़ापन भी उनको राजनीति में महत्वपूर्ण पदों पर पहुंचने में रुकावट है। इसलिए बिहार में मुस्लिम हमेशा की तरह किंग मेकर बने रहेंगे लेकिन किंग बनना सपना ही रहेगा।

## दोस्त फिरोज को फंसाने के लिए पूरे देश के मुस्लिम वर्ग को संकट में डाला अश्विनी कुमार सुप्रा ने

### -अश्विनी ने फिरोज के नाम से मुंबई ट्रैफिक पुलिस कंट्रोल रूम को मुंबई को दहलाने का मैसेज भेजा, जिसमें 14 आतंकी द्वारा 400 किलो आर.डी.एक्स से विस्फोट की बात लिखी

### -मुंबई पुलिस की सावधानी से फिरोज फंसने से बच गया

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। देश में हिंदू-मुस्लिम के बीच कितनी नफरत की राजनीति चल रही है। इसका फायदा कुछ छोटे-मोटे लोग अब आपसी दुश्मनी निकालने में उठाने लगे हैं। ऐसा ही एक घटनाक्रम मुंबई में सामने आया है। अश्विनी कुमार सुप्रा जानता है कि देश में सुरक्षा एजेंसियां मुस्लिम नाम आते ही हरकत में आ जाती है। शक के दायरे में लेकर किसी भी मुस्लिम का नाम आईएसआई, पाकिस्तान एवं आतंकी गुटों से जोड़ दिया जाता है। देश में सैकड़ो मुस्लिम युवा, अधेड़ अपनी जिंदगी वर्षों तक जेल में बंद करके माननीय न्यायालय के आदेश से बरी होकर आए हैं और आने वाले हैं। यही सोचकर बिहार के रहने वाले भविष्य वक्ता और ज्योतिषी अश्विनी ने अपने पुराने दोस्त फिरोज को फसाने के लिए मुंबई ट्रैफिक पुलिस कंट्रोल रूम को मैसेज भेज दिया कि वह लश्कर-ए-जिहादी का



सदस्य है। मुंबई में 14 आतंकी 400 किलो आरडीएक्स के साथ मुंबई में घुसे हैं। विस्फोटकों को 34 गाड़ियों में रखा गया है। मुंबई पुलिस ने फिरोज के पकड़ने के साथ सच्चाई का पता लगाने के भी प्रयास शुरू कर दिए। मुंबई पुलिस ने 50 वर्षीय अश्विनी सुप्रा को नोएडा से गिरफ्तार किया है। यदि मुंबई पुलिस सावधानी नहीं बरतती तो फिरोज को तो वर्षों जेल में रहना ही पड़ता ही साथ में देश के पूरे मुस्लिम वर्ग को बदनामी मिलती।

**मुसलमानों को फंसाने का षड्यंत्र कब तक चलता रहेगा?**

कभी आतंकवाद के नाम पर, लव जिहाद के नाम पर, धर्म परिवर्तन के नाम पर, पाकिस्तानी झंडा और नारे लगाने के नाम पर, धार्मिक जुलूसों पर पत्थर फेंकने के नाम पर, मुस्लिम वर्ग के लोगों को फसाने का षड्यंत्र चल रहा है। मुसलमानो को जेलो में डाल दिया जाता है। वर्षों जमानत नहीं मिलती है। जिंदगी का एक बड़ा हिस्सा जेल में गुजारने और बर्बाद होने के बाद माननीय न्यायालय के आदेश से बाहर आते हैं। ऐसे सैकड़ो लोगों की जानकारी हमारे पास है। ऐसी गैर कानूनी तरीके से मुसलमानो को तो परेशान किया जा सकता है लेकिन देश का भला नहीं हो सकता है। देश के तीव्र विकास के लिए देश में आपसी भाईचारा, शांति और सौहार्द कायम रखना बहुत जरूरी है। जनता को कृत्रिम वातावरण बनाकर आपस में लड़ाना, एक दूसरे का विरोधी करना देश को नुकसान पहुंचाने वाला कृत्य हैं।

## भरतपुर में जलभराव का जायजा लेने खेतों में उतरीं प्रभारी सचिव

### -जिला कलेक्टर कमर चौधरी भी थे प्रभारी सचिव के साथ

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। भारी बारिश के बाद हुए जलभराव की स्थिति का जायजा लेने के लिए



जिला प्रभारी सचिव शुचि त्यागी शुक्रवार को सीधे खेतों और प्रभावित बस्तियों तक पहुंचीं। एक दिवसीय दौरे पर भरतपुर आई त्यागी ने अधिकारियों के दल के साथ न केवल जलमग्न फसलों का निरीक्षण किया, बल्कि प्रभावित ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उन्हें सरकार की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया। उन्होंने राहत कार्यों को पूरी संवेदनशीलता से कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। प्रभारी सचिव ने अपने दौरे की शुरुआत भरतपुर ब्लॉक के मलाह, बीडीए, नगर निगम और श्यौराना गाँव के आसपास के क्षेत्रों के निरीक्षण से की। यहाँ उन्होंने खेतों में जलभराव से हुए नुकसान का आंकलन किया और ग्रामीणों से उनकी समस्याओं को जाना।

**शेष पृष्ठ 2 पर....**

## डॉ. मोहम्मद हुसैन आरोग्य अवार्ड से सम्मानित




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। डॉ. मोहम्मद हुसैन को चिकित्सा सेवाओं में उपलब्धियों के लिए आरोग्य अवार्ड से सम्मानित किया गया है। डॉ. मोहम्मद हुसैन मोती कटला डिस्पेंसरी में सीनियर स्पेशलिस्ट (जनरल सर्जन) के पद पर तैनात हैं। न्यूज़ 18 की ओर से जयमहल पैलेस में आयोजित समारोह में राजस्थान सरकार मंत्री झावर सिंह खर्रा ने डॉ. मोहम्मद हुसैन को सम्मानित किया। जयपुर में डॉ. मोहम्मद हुसैन को चिकित्सा सेवा में समर्पण, इंसानियत एवं विशेषता के लिए पहचाना जाता है।

## पैगंबर मुहम्मद साहब के यौमे पैदाइश पर उमड़ा आस्था का सैलाब, जयपुर में निकला भव्य ज़ुलूस

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। पैगंबर मुहम्मद साहब के यौमे पैदाइश (जन्मदिन) के मुबारक मौके पर जयपुर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। इस अवसर पर शहर में एक भव्य जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया, जिसमें हजारों की संख्या में अकीदतमंदों ने हिस्सा लिया। पैगंबर मुहम्मद साहब को तमाम इंसानियत के लिए शांति और भाईचारे का पैगाम लाने वाला माना जाता है। इसी पैगाम को याद करते हुए यह जुलूस विभिन्न रास्तों से होता हुआ कर्बला मैदान पहुंचा। जुलूस के दौरान लोग नात-ए-शरीफ पढ़ते और दरूद-ओ-सलाम पेश करते हुए चल रहे थे, जिससे पूरा माहौल रूहानी हो गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चाक-चौबंद नजर आया। जुलूस के पूरे मार्ग पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात थे।



जुलूस मुफ्ती-ए-शहर जयपुर मुफ्ती अब्दुस्सत्तार रज़वी साहब की सरपस्ती और मौलाना सैय्यद मुहम्मद क़ादरी साहब निगराँ सुन्नी दावते इस्लामी की निगरानी मे घाटगेट और पहाड़गंज से रवाना हुआ। इस जुलूस-ए-मिलाद मे शहर के औलामा व ज़िम्मेदार हज़रात के साथ लाखों आशिक़ाने रसूल ने दुरूद शरीफ़ व नातो मन्क़बत पढ़ते हुए शिरकत की। रास्ते मे अलग-अलग जगह पर जुलूस का स्वागत किया गया। चाये, पानी, जूस, फ्रूट पूरे रास्तो पर तक़सीम किये गए। रास्तो मे चलने वालो के लिए वुज़ू नमाज़ का भी इंतेज़ाम किया गया। ये जुलूस चार दरवाज़ा मौलाना ज़ियाउद्दीन सर्किल होते हुए कर्बला तक पहुँचा। जहाँ पर जुलूस एक बड़ी सभा मे बदल गया। वहाँ पैगंबर मुहम्मद साहब की जीवनी पर औलामा के बयानात हुए। मौलाना क़ारी मोइनुद्दीन साहब ने कुरान की रोशनी मे मिलाद मनाने का ज़िक्र किया। आले रसूल अल्हाज मौलाना सैय्यद मुहम्मद क़ादरी साहब ने इल्म के हवाले से लोगो को जागरूक किया। इल्म एक नूर है जो इंसान को ज़िंदगी जीने का सालीक़ा सिखाता है साथ ही साथ नशे के खिलाफ भी एक मुहिम चलाने की अपील की। हज़रत क़ारी अहतेराम आलम साहब अज़ीज़ी ने सलातो सलाम पेश किया और मुफ्ती-ए-शहर जयपुर मुफ्ती अब्दुस्सत्तार रज़वी साहब की दुआ पर इख़्तेताम पज़ीर हुआ।

## रकमा ने अल्पसंख्यक समुदाय की 550 प्रतिभाओं को सम्मानित किया

### -जिला स्तरीय प्रथम प्रतिभा सम्मान समारोह चुरू में सम्पन्न

चुरू (रॉयल पत्रिका)। राज. अधिकारी कर्मचारी माइनोरिटी एसोसिएशन रकमा का प्रथम प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार 7 सितम्बर को चुरू में आयोज़ीत किया गया जिसमें मुख्य अतिथि राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व शिक्षा के क्षेत्र में मेधावी विद्यार्थियों सहित लगभग 550 प्रतिभाओ का सम्मान करते हुए कहा कि भारत सरकार और राज्य सरकार अल्पसंख्यकों के विकास के लिए कटिबद् है जिसमें भारत सरकार के अल्पसंख्यक मंत्रालय द्वारा चलाई गई स्कीमों की जानकारी दी और बच्चों को एपीजे अब्दुल कलाम बनने के लिए प्रेरित किया। इस प्रोग्राम में अध्यक्षता करते हुए सैयद मोहम्मद अनवार नदीमुल कादरी, शहर इमाम चूरू ने इस्लाम की शिक्षाओं के साथ-साथ जदीद तालीम हासिल करने का भी पैग़ाम दिया। प्रोग्राम की शुरुआत शहर काजी अहमद अली के द्वारा कुरान की आयत से शुरुआत की गई। समारोह में विशिष्ट अतिथि हरलाल सहारण ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की हर जरूरत के वक्त हम उनके साथ खड़े रहेंगे। हिदायत खान धोलिया पूर्व चैयरमेन राजस्थान मदरसा बोर्ड ने कहा कि मेरे कार्यकाल के बाद आज तक एक भी मदरसा पैराटीचर का पद स्वीकृत नहीं किया गया है जबकि मेरे कार्यकाल में 3500 मदरसा पैराटीचर के पदों पर भर्ती की गई। इस प्रोग्राम में पूर्व आईएएस अशफाक हुसैन ने कहा कि सही दिशा मे मेहनत कर हर मंज़िल को हासिल किया जा सकता है। जाकिर हुसैन पूर्व आईएएस ने कहा कि सरकार कोई भी हो प्रतिभा आगे बढ़ने से नही रुक सकती डॉ गुलाब नबी डिप्टी रजिस्ट्रार ने कहा




कि तकनीकी, मेडिकल और आर्ट हर क्षेत्र मे युवा अपने कॅरिअर को ऊँचाई दे सकते हैं खादिम हुसैन खत्री, अब्दुल हबीब अनवरी, हाजी नत्थू खान, रकमा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अतीक अहमद ने भी मंच सांझा किया। सम्मानित होने वालों में प्रतिभावान विद्यार्थियों 10 वी, 12 वी में 85% से अधिक लगभग 300 बच्चों को और स्नातक, स्नातकोत्तर व अन्य प्रोफेशनल कोर्स में 70% से लेकर गोल्ड मेडल तक, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सहित सरकारी सेवा में चयनित व सेवा निवृत्त के साथ साथ विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि पर समाज सेवा सहित लगभग 250 व्यक्तियों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि राजेन्द्र सिंह राठौड़ को अयूब खान मेहरी वरिष्ठ विधी अधिकारी पीडीयु मेडिकल कॉलेज ने चांदी से बनी हुई प्रतिमा भेंट की साथ ही हरलाल सहारण विधायक को डॉ. अहसान गौरी एसीएमओ ने भी चांदी की प्रतिमा भेंट की। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. कादिर हुसैन ने रकमा संगठन की तरफ से आयोजित इस प्रोग्राम में जिले से आये हुए समस्त जनों का आभार व्यक्त किया। प्रोग्राम का शानदार और सफल संचालन असि. प्रोफेसर डॉ. शमशाद अली और प्रधानाचार्य मुकुल भाटी ने किया। समाज सेवा में डॉ. मुमताज अली, गनी खान दौलतखानी, हनीफ खान नसवाण, हाजी याकूब थीम, अमजद तुगलक, आसिफ खान टिपु, संजय खान, करामत अली,आदिल खोकर, उस्मान अंसारी आदि पत्रकार समाज से मोहम्मद अली पठान,जमील अहमद, अख्तर मुगल, रुस्तम तारानगर, निसार खान मोडावासी को सम्मानित किया गया। इस प्रोग्राम में डैफ एंड डम्प कैटेगरी से बीए करने वाली छात्रा को भी सम्मानित किया गया जिसे राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने सम्मानित कर हौसला अफजाई भी की। रकमा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद नियाज़ खान सहित रकमा संगठन से जुड़े हुए असगर अली जोइयां,डॉ. एम एम शेख, डॉ. साजीद चौहान, मोहम्मद वसीम अली भाटी, डॉ. इरफान सैयद, सलेमुद्दीन खान, रफीक खान, मोहम्मद अकरम, मोहम्मद अनवर कुरैशी,हासम खान, फरमान खान इलियास खान नसवाण, रमजान खान नवांकुर, मुस्ताक अली सैयद, जाकिर हुसैन प्रिंसिपल,मुस्तकीम हुसैन, बीलाल अहमद, जुनैद आदि उपस्थित रहे।

## भारत के ब्राह्मणों को रूस से सस्ता तेल खरीदने का फायदा हो रहा है- नवारो

### -भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने दी प्रतिक्रिया

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार पीटर नवारो ने कहा है कि भारत के कारण रूस यूक्रेन युद्ध लंबा खिच रहा है । भारत रूस से सस्ता तेल खरीद कर यूक्रेन युद्ध में रूस की सहायता कर रहा है । भारत ही यूक्रेन रूस युद्ध का कारण है । पीटर नवारो यही नहीं रुके उन्होंने कहा कि रूस से सस्ते तेल का फायदा भारत के ब्राह्मणों को हो रहा है । भारत को चीन और रूस जैसे देशों के साथ नहीं होना चाहिए, भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र देश है । पीटर नवारो की ब्राह्मणों के फायदे वाली टिप्पणी पर कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पीटर नवारो का यह आरोप बेतुका है । जबकि भीम आर्मी के अध्यक्ष एवं सांसद चंद्रशेखर रावण ने कहा कि अमेरिका को भारत के आंतरिक मामलों में दखल देने का कोई अधिकार नहीं है ।



चंद्रशेखर ने कहा कि यह जरूर है कि भारत में कुछ ही जातियों का देश के संसाधनों पर कब्जा है और सरकार में उनका वर्चस्व है । देश में समानता लाने के लिए सटीक जाति जनगणना और संसाधनों का समान बंटवारा जरूरी है ।


## अमीन पठान ने कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष का कार्यभार संभाला

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। प्रदेश कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ में 3 सितम्बर को कांग्रेस नेता अमीन पठान की एक नई पारी का आगाज हुआ। जब वरिष्ठ नेता अमीन पठान ने प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला। पीसीसी (PCC) मुख्यालय में आयोजित एक भव्य शपथ ग्रहण समारोह में उन्होंने यह जिम्मेदारी ली। पठान की इस नई जिम्मेदारी को खेल प्रकोष्ठ में 'नई ऊर्जा की शुरुआत' के रूप में देखा जा रहा है। खेल से नेतृत्व तक का उनका सफर प्रेरणादायक रहा है। शपथ ग्रहण के बाद, अमीन पठान ने अपनी प्राथमिकताएं साझा करते हुए कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य



युवाओं को नशे से दूर कर खेलों से जोड़ना है। उन्होंने कहा, "आज का युवा नशे जैसी बुराइयों में फंस रहा है। हम खेल के माध्यम से उन्हें एक सकारात्मक दिशा देंगे और उनकी ऊर्जा का सही उपयोग करेंगे।" इस अवसर पर कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे, जिन्होंने पठान को उनकी नई भूमिका के लिए शुभकामनाएं दीं।

Great Reality Plus Facility Management PVT. LTD



2,3,4 BHK फ्लैट्स ,
मोती डूंगरी रोड, आदर्श नगर, जवाहर नगर, फतेह टीबा
& Near by Location
8386947005

# UPPSC ने असिस्टेंट प्रोफेसर के 1253 पदों पर निकाली भर्ती

उत्तर प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती निकली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट uppsc.up.nic.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन में करेक्शन और फीस जमा करने की आखिरी तारीख 13 अक्टूबर 2025 तय की गई है। यह भर्ती वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) आधारित ऑनलाइन आवेदन के जरिए होगी।

**आवेदन शुरू :**
4 सितंबर 2025, लास्ट डेट 6 अक्टूबर 2025

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
संबंधित विषय में कम से कम 55% अंकों के साथ मास्टर डिग्री। यूजीसी नेट या समकक्ष परीक्षा (जैसे NET या Ph.D.) पास होना चाहिए।

**एज लिमिट :**
न्यूनतम : 21 साल
अधिकतम : 40 साल
राज्य के आरक्षित वर्गों के अभ्यर्थियों को नियमानुसार छूट दी जाएगी।

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
प्रीलिम्स एग्जाम
मेन्स एग्जाम
इंटरव्यू

**सैलरी :**
57,700 -1,82,400 रुपए प्रतिमाह

**फीस :**
सामान्य, ईडब्ल्यूएस, ओबीसी : 125 रुपए
एससी, एसटी : 65 रुपए
दिव्यांग : निःशुल्क, प्रोसेसिंग फीस 25 रुपए
पूर्व सैनिक : निःशुल्क, प्रोसेसिंग फीस 25 रुपए

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट uppsc.up.nic.in पर जाएं।
वन टाइम रजिस्ट्रेशन टैब पर क्लिक करें।
मोबाइल नंबर, मेल आईडी आदि दर्ज कर रजिस्ट्रेशन करें।
अब डिटेल दर्ज कर फॉर्म भरें और डाक्यूमेंट्स अपलोड करें।
फीस जमा करके फॉर्म सब्मिट कर दें।

# BSF में 1121 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन शुरू

बीएसएफ (Border security force) की ओर से हेड कॉन्स्टेबल (रेडियो ऑपरेटर) और हेड कॉन्स्टेबल (रेडियो मैकेनिक) के पदों पर भर्ती निकली है। इस भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया आज से शुरू हो रही है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट rectt.bsf.gov.in पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। इस भर्ती का नोटिफिकेशन 16 - 22 अगस्त के रोजगार समाचार में प्रकाशित किया गया है।

**आवेदन शुरू :**
19 अगस्त से 17 सितम्बर तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
हेड कॉन्स्टेबल (रेडियो ऑपरेटर) : 60% मार्क्स के साथ 12वीं पास (सब्जेक्ट : फिजिक्स, केमेस्ट्री, मैथ्स)
या 10वीं के साथ 2 साल की आईटीआई डिग्री (सब्जेक्ट : रेडियो, टेलीविजन, इलेक्ट्रॉनिक्स, सीओपीए, जनरल इलेक्ट्रॉनिक्स, डाटा एंट्री ऑपरेटर)
हेड कॉन्स्टेबल (रेडियो मैकेनिक) : 60% मार्क्स के साथ 12वीं पास (सब्जेक्ट : फिजिक्स, केमेस्ट्री, मैथ्स)
या 10वीं के साथ 2 साल की आईटीआई डिग्री (सब्जेक्ट : रेडियो, टेलीविजन, जनरल इलेक्ट्रॉनिक्स, सीओपीए, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, आईटी एंड ईएसएम, डेटा एंट्री ऑपरेटर, इक्विपमेंट मेंटेनेंस, कंप्यूटर हार्डवेयर, मैकेट्रॉनिक्स )

**एज लिमिट :**
यूआर : 18 - 25 साल
ओबीसी : 18 - 28 साल
एससी, एसटी : 18 - 30 साल

**सैलरी :**
25,500 - 81,100 रुपए प्रतिमाह
अन्य अलाउंस का लाभ भी मिलेगा।

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
फिजिकल स्टैंडर्ड टेस्ट
फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट
कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट
डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन
डिक्टेशन टेस्ट और पैराग्राफ रीडिंग टेस्ट
मेडिकल एग्जाम

**फीस :**
यूआर, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस : 100 रुपए + 59 रुपए सीएससी चार्ज
एससी, एसटी, महिला, विभागीय, एक्स सर्विसमैन : निःशुल्क (सीएससी चार्ज लागू)

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट rectt.bsf.gov.in पर जाएं।
रजिस्ट्रेशन करके पासवर्ड के माध्यम से लॉग इन करें।
मांगी गई डिटेल्स दर्ज करके डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें।
फॉर्म सब्मिट करें।
इसका प्रिंटआउट लेकर रखें।

# रेलवे में अप्रेंटिस के 2865 पदों पर निकली भर्ती

वेस्ट सेंट्रल रेलवे ने जबलपुर, भोपाल, मध्य प्रदेश और कोटा, राजस्थान में अप्रेंटिस के पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। इस भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया 30 अगस्त से शुरू होगी। उसके बाद उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट wcr.indianrailways.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकेंगे।

**आवेदन शुरू :**
30 अगस्त से 29 सितम्बर तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 10वीं, 12वीं पास होना चाहिए। आईटीआई की डिग्री।

**एज लिमिट :**
अधिकतम 24 साल
ओबीसी : 3 साल
एससी/एसटी : 5 साल
पीडब्ल्यूडी (सामान्य) : 10 साल
पीडब्ल्यूडी (ओबीसी) : 13 साल
पीडब्ल्यूडी (एससी/एसटी) : 15 साल

**फीस :**
जनरल, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस : 141 रुपए
एससी, एसटी, पीडब्ल्यूबीडी, महिला : 41 रुपए

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
शॉर्टलिस्टिंग
डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन
मेडिकल टेस्ट

**स्टाइपेंड :**
अप्रेंटिस नियमों के अनुसार

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट wcr.indianrailways.gov.in पर जाएं।
संबंधित भर्ती लिंक पर क्लिक करें।
अपना नाम, ईमेल पता, मोबाइल नंबर और अन्य जानकारी दर्ज करें।
बर्थ सर्टिफिकेट सहित जरूरी डाक्यूमेंट्स की स्कैन कॉपी अपलोड करें


## आवश्यकता

जयपुर से प्रकाशित होने वाले दैनिक रॉयल पत्रिका एवं डिजिटल रॉयल पत्रिका के लिए 5 रिपोर्टर्स एवं 2 विज्ञापन लाने के लिए विज्ञापन प्रतिनिधि की शीघ्र आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार, अनुभवी को प्राथमिकता। इंटर्नशिप करने के इच्छुक उम्मीदवार भी संपर्क कर सकते हैं।

इच्छुक उम्मीदवार शीघ्र संपर्क करें -

संपर्क करें -
- royalpatrika@gmail.com
- +91-9772552446


# IBPS ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में 13217 पदों पर निकाली भर्ती

इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनेल सिलेक्शन (IBPS) ने देशभर के रीजनल रूरल बैंकों (RRBs) में क्लर्क और ऑफिसर (PO) समेत कई पदों पर 13000 से अधिक वैकेंसी निकाली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट ibpsreg.ibps.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती के लिए फीस भरने की आखिरी तारीख 21 सितंबर तय की गई है। प्रीलिम्स एग्जाम नवंबर 2025 में होगी। वहीं मेन एग्जाम दिसंबर दिसंबर 2025 / फरवरी 2026 में हो सकती है।

**आवेदन शुरू :**
1 सितंबर 2025

**लास्ट डे ट:**
21 सितंबर 2025

**कुल पदों की संख्या :** 13,217

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
ऑफिस असिस्टेंट (क्लर्क) : ग्रेजुएशन की डिग्री
ऑफिसर स्केल-I : ग्रेजुएशन की डिग्री
ऑफिसर स्केल-II (जनरल बैंकिंग ऑफिसर) : 50% अंकों के साथ ग्रेजुएशन, 2 साल अनुभव
आईटी ऑफिसर स्केल-II : कंप्यूटर/आईटी संबंधित डिग्री, 1 साल का अनुभव
सीए ऑफिसर स्केल-II : ICAI से सीए की डिग्री, 1 साल अनुभव
लॉ ऑफिसर स्केल-II : एलएलबी, 2 साल का अनुभव
ट्रेजरी मैनेजर स्केल-II : सीए या एमबीए (फायनेंस), 1 साल अनुभव
मार्केटिंग ऑफिसर स्केल-II : एमबीए (मार्केटिंग), 1 साल अनुभव
एग्रीकल्चर ऑफिसर स्केल-II : एग्रीकल्चर/डेयरी/बागवानी/पशु चिकित्सा/मत्स्यपालन में डिग्री, 2 साल का अनुभव
ऑफिसर स्केल-III : 50% अंकों के साथ ग्रेजुएशन, 5 साल का अनुभव

**एज लिमिट :**
ऑफिस असिस्टेंट : 18 - 28 साल
ऑफिसर स्केल-I : 18 - 30 साल
ऑफिसर स्केल-II : 21 - 32 साल
ऑफिसर स्केल-III : 21 - 40 साल

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
क्लर्क (ऑफिस असिस्टेंट) : प्रीलिम्स एग्जाम, मेन्स एग्जाम
पीओ (ऑफिसर) : प्रीलिम्स एग्जाम, मेन्स एग्जाम, इंटरव्यू

**फीस :**
सामान्य, ओबीसी,ईडब्ल्यूएस : 850 रुपए
एससी, एसटी, दिव्यांग : 175 रुपए

**सैलरी :**
19,900 - 37,442 रुपए प्रतिमाह
अन्य अलाउंस का लाभ भी मिलेगा।

**ऐसे करें आवेदन :**
IBPS की ऑफिशियल वेबसाइट ibpsreg.ibps.in पर जाएं।
"IBPS RRB Recruitment 2025" लिंक पर क्लिक करें।
अब "न्यू रजिस्ट्रेशन" पर जाकर जानकारी भरें।
रजिस्ट्रेशन पूरा होने के बाद लॉगिन करें।
जरूरी डॉक्यूमेंट्स जैसे फोटो, सिग्नेचर अपलोड करें।
फीस ऑनलाइन माध्यम से जमा करें।
फॉर्म सब्मिट करें।
इसका प्रिंटआउट निकाल कर रखें।

# रेलवे में अप्रेंटिस के 2865 पदों पर भर्ती

वेस्ट सेंट्रल रेलवे ने जबलपुर, भोपाल, मध्य प्रदेश, कोटा, राजस्थान में अप्रेंटिस के पदों पर भर्ती निकाली है। इस भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया आज यानी 30 अगस्त से शुरू हो रही है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट wcr.indianrailways.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन शुरू:**
30 अगस्त 2025

**लास्ट डेट:**
29 सितंबर 2025

**वर्क वाइस वैकेंसी डिटेल्स :**

| पद का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|
| लोहार | 139 |
| कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग असिस्टेंट | 316 |
| इलेक्ट्रीशियन | 727 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक | 185 |
| फिटर | 843 |
| इंजीनियर | 38 |
| मैकेनिक | 8 |
| प्लंबर | 83 |
| टर्नर | 26 |
| वेल्डर | 367 |
| वायरमैन | 133 |

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 10वीं, 12वीं पास होना चाहिए। आईटीआई की डिग्री।

**एज लिमिट :**
अधिकतम 24 साल
ओबीसी : 3 साल
एससी/एसटी : 5 साल
पीडब्ल्यूडी (सामान्य) : 10 साल
पीडब्ल्यूडी (ओबीसी) : 13 साल
पीडब्ल्यूडी (एससी/एसटी) : 15 साल

**फीस :**
जनरल, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस : 141 रुपए
एससी, एसटी, पीडब्ल्यूबीडी, महिला : 41 रुपए

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
शॉर्टलिस्टिंग
डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन
मेडिकल टेस्ट
स्टाइपेंड :
अप्रेंटिस नियमों के अनुसार

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट wcr.indianrailways.gov.in पर जाएं।
संबंधित भर्ती लिंक पर क्लिक करें।
अपना नाम, ईमेल पता, मोबाइल नंबर और अन्य जानकारी दर्ज करें।
बर्थ सर्टिफिकेट सहित जरूरी डाक्यूमेंट्स की स्कैन कॉपी अपलोड करें।
यदि लागू हो तो रजिस्ट्रेशन फीस जमा करें।

# इंटेलिजेंस ब्यूरो में 455 पदों पर निकली भर्ती

इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) ने सिक्योरिटी असिस्टेंट मोटर ट्रांसपोर्ट के पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट mha.gov.in पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं।

**आवेदन शुरू :**
6 सितंबर 2025, लास्ट डेट 28 सितंबर 2025

**वैकेंसी डिटेल्स :**

| पद का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|
| जनरल | 219 |
| ओबीसी एनसीएल | 90 |
| एससी | 51 |
| एसटी | 49 |
| ईडब्ल्यूएस | 46 |

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
10वीं पास
ड्राइविंग लाइसेंस (LMV) होना चाहिए।
कार ड्राइविंग का एक साल का अनुभव होना चाहिए।

**एज लिमिट :**
न्यूनतम : 18 साल
अधिकतम : 27 साल
आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को सरकारी नियमों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

**फीस :**
जनरल, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस : 650 रुपए
एससी, एसटी, महिला, एक्स सर्विसमैन : 550 रुपए

**सैलरी :**
21,700-69,100 रुपए प्रति माह
अन्य अलाउंस भी दिए जाएंगे।

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
टियर - 1 एग्जाम
टियर - 2 एग्जाम

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट www.mha.gov.in पर जाएं।
होमपेज पर अप्लाई ऑनलाइन लिंक पर क्लिक करें।
नए पेज पर एक पीडीएफ खुलेगी, जिसमें दिए गए लिंक को ब्राउजर में टाइप करें।
ऑनलाइन एप्लिकेशन फॉर्म खुल जाएगा।
मांगी गई जरूरी डिटेल्स के साथ योग्यता , अनुभव, फोटो और स्कैन सिग्नेचर अपलोड करें।
ऑफिशियल पेमेंट पोर्टल के माध्यम से अपनी एप्लिकेशन फीस जमा करें।
'सब्मिट' से पहले अपने फॉर्म का एक बार रिव्यू कर लें।
फॉर्म सब्मिट करने के बाद कंफर्मेशन पेज डाउनलोड करें।
इसका प्रिंटआउट लेकर रखें।

# प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

## (रणनीति)

**(पिछले अंक से जारी)**

**अध्ययन टिप्स**

8.राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के तहत जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान (DIETs) की स्थापना का उद्देश्य क्या था?
a) उच्च शिक्षा में सुधार
b) प्रारंभिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार
c) डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देना
d) खेल प्रशिक्षण प्रदान करना
उत्तर: b) प्रारंभिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार
विश्लेषण: DIETs की स्थापना NPE 1986 की सिफारिशों के तहत प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत करने के लिए की गई थी।

9.भारतीय राष्ट्रीय ध्वज में केसरिया रंग का प्रतीक क्या है?
a) शांति और सत्य
b) बलिदान और त्याग
c) समृद्धि और प्रगति
d) एकता और अखंडता
उत्तर: b) बलिदान और त्याग
विश्लेषण: केसरिया रंग स्वतंत्रता संग्राम में बलिदानों की याद दिलाता है।

10.बुलेट ट्रेन कॉरिडोर परियोजना को कौन सा संगठन निष्पादित कर रहा है?
a) भारतीय रेलवे
b) राष्ट्रीय उच्च गति रेल निगम (NHSRCL)
c) DRDO
d) NITI आयोग
उत्तर: b) राष्ट्रीय उच्च गति रेल निगम (NHSRCL)
विश्लेषण: NHSRCL भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना (मुंबई-अहमदाबाद) को लागू कर रहा है।

**महत्वपूर्ण नोट्स (विशिष्ट विषयों पर)**

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020
•मुख्य बिंदु: NEP 2020 को 29 जुलाई 2020 को मंजूरी दी गई, जो 2040 तक भारत की शिक्षा प्रणाली को समग्र, लचीली, और बहु-विषयक बनाने का लक्ष्य रखती है। यह प्रारंभिक शिक्षा में मातृभाषा, डिजिटल शिक्षा, और अनुसंधान को बढ़ावा देती है।
•राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (NRF): NRF का उद्देश्य अनुसंधान संस्कृति को बढ़ावा देना, भारतीय और अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ताओं के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना, और वैश्विक चुनौतियों का समाधान करना है। इसका शासन स्वतंत्र बोर्ड द्वारा किया जाता है।
•उच्च शिक्षा नियमन: NEP 2020 ने राष्ट्रीय उच्च शिक्षा नियामक परिषद (NHERC) की स्थापना का प्रस्ताव दिया, जो चिकित्सा और कानूनी शिक्षा को छोड़कर उच्च शिक्षा का एकमात्र नियामक होगा।
•चुनौतियाँ: राजस्थान जैसे राज्यों में डिजिटल विभाजन, शिक्षक प्रशिक्षण की कमी, और क्षेत्रीय भाषा नीति के कारण कार्यान्वयन में बाधाएँ हैं।

2. चंद्रयान मिशन और लूपेक्स
•चंद्रयान-3: 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग के साथ भारत चौथा देश बना, जो चंद्रमा पर उतरा। लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) ने चंद्र सतह का अध्ययन किया।
•लूनर पोलर एक्सप्लोरेशन मिशन (लूपेक्स): ISRO और JAXA का संयुक्त मिशन, जो चंद्रमा पर पानी और संसाधनों की खोज पर केंद्रित है। यह भविष्य के मानव आवास और चंद्र खोज के लिए महत्वपूर्ण है।
•महत्व: यह भारत की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में प्रगति और वैश्विक सहयोग को दर्शाता है, जो UPSC के विज्ञान और प्रौद्योगिकी खंड के लिए प्रासंगिक है।

3. खो-खो वर्ल्ड कप 2025
•विवरण: प्रथम खो-खो वर्ल्ड कप 2025 भारत में आयोजित होगा, जिसमें 24 देशों की 32 टीमें (16 पुरुष, 16 महिला) भाग लेंगी।
•उद्देश्य: खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया (KKFI) का लक्ष्य इस खेल को वैश्विक स्तर पर ले जाना और 50 लाख खिलाड़ियों को पंजीकृत करना है।
•महत्व: यह भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देता है और UPSC के सामाजिक विकास और खेल नीति खंड के लिए महत्वपूर्ण है।

4. जैव विविधता और पर्यावरण
•CBD COP16: काली, कोलंबिया में आयोजित, यह जैव विविधता संरक्षण पर केंद्रित है। CBD (1992 में रियो सम्मेलन में स्थापित) के 196 सदस्य देश हैं, जो जैव विविधता के संरक्षण, सतत उपयोग, और आनुवंशिक संसाधनों के लाभों के बंटवारे पर काम करते हैं।
•महत्व: पर्यावरण और सतत विकास UPSC के सामान्य अध्ययन पेपर-III का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। कार्टाजेना और नागोया प्रोटोकॉल जैसे समझौते भी परीक्षा के लिए प्रासंगिक हैं।

5. राष्ट्रीय प्रतीक और ध्वज संहिता
•राष्ट्रीय चिह्न: अशोक स्तंभ (सारनाथ) भारत का राष्ट्रीय चिह्न है, जो एकता और संप्रभुता का प्रतीक है।
•राष्ट्रीय ध्वज: 22 जुलाई 1947 को अपनाया गया, इसमें केसरिया (बलिदान), सफेद (शांति), और हरा (समृद्धि) रंग हैं। ध्वज संहिता तीन भागों में विभाजित है: सामान्य विवरण, निजी/सार्वजनिक संगठनों द्वारा प्रदर्शन, और सरकारी प्रदर्शन।
•महत्व: यह विषय UPSC प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से भारतीय संस्कृति और शासन के संदर्भ में।

**तैयारी के लिए सुझाव**
•करेंट अफेयर्स: दैनिक समाचार पत्र (जैसे, जनसत्ता) और मासिक पत्रिकाएँ (जैसे, दृष्टि IAS) पढ़ें।
•मॉक टेस्ट: टेस्टबुक और विजन IAS जैसे प्लेटफॉर्म से MCQs का अभ्यास करें।
•संशोधन: NCERT की पुस्तकों (विशेष रूप से इतिहास, भूगोल, और पर्यावरण) और लक्ष्मीकांत की पुस्तक (शासन) का उपयोग करें।
•नोट्स: संक्षिप्त नोट्स बनाएँ (उदाहरण: लूपेक्स - ISRO-JAXA, चंद्रमा पर पानी की खोज) और फ्लैशकार्ड का उपयोग करें।
•स्वास्थ्य: 15 मिनट योग और 7-8 घंटे की नींद के साथ सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखें।

**-डॉ. एम . ए. खान**
**प्रोफेसर (भूगोल)**

# क्या आप बनना चाहते हैं CA मगर नहीं पता इसकी प्रक्रिया?




हर छात्र के जीवन में एक समय आता है जब उसे भविष्य का फैसला लेते हुए अपने लिए सही स्ट्रीम और बाद में कोर्स का चयन करना होता है। 10वीं कक्षा ही वो मोड़ लेकर आती है जब छात्रों को सोचना होता है कि उन्हें आगे क्या बनना है और उसके लिए कौन सी स्ट्रीम लेनी होगी। कई सारे छात्र यह तय करते हैं कि उन्हें CA बनना है और इसके लिए वो कॉमर्स ले लेते हैं मगर उन्हें बस इतना ही पता होता कि CA बनने के लिए कॉमर्स जरूरी है। आगे क्या करना है, उन्हें नहीं पता होता है। आप भी अगर उनमें से एक हैं और यह जानना चाहते हैं कि आप एक सफल CA कैसे बन सकते हैं तो फिर यह खबर आपके बिल्कुल काम की है। आइए आपको इसकी पूरी प्रक्रिया बताते हैं।

**कैसे कोई छात्र बन सकता है CA?**


1. आपने अगर यह तय कर ही लिया है कि आपको एक CA ही बनना है तो फिर आपको सबसे पहले इंटरमीडिएट CA कोर्स में एडमिशन करवाना होगा। इस काम को करने के बाद आपको स्नातक यानी ग्रैजुएशन करना होगा और कॉमन प्रोफिएंसी टेस्ट (CPT) भी पास करना होगा। ये कोर्स आम तौर पर 9 महीने तक चलते हैं और अकाउंटिंग से जुड़े 8 सब्जेक्ट को कवर करना होता है। जब आप कोर्स पूरा कर लेते हैं, तो आपको कई इंटरमीडिएट चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षाएं पास करनी होती हैं।

2. इंटरमीडिएट कोर्स को पूरा करने के बाद आपको प्रैटिक्ल ट्रेनिंग शुरू करना होता है। उसके दौरान आप पंजीकृत CA के साथ काम करते हैं और अकाउंटिंग से जुड़े काम करते हैं। प्रैक्टिकल ट्रेनिंग करने के पीछे का उद्देश्य CA के तौर पर काम करने का अनुभव लेना होता है। प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के दौरान आपको CA फाइनल कोर्स में भी दाखिला लेना होगा।

3. आपके प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के आखिरी 6 महीने के दौरान या फिर उसे पूरा करने के बाद आप CA फाइनल कोर्स कर सकते हैं। फाइनल कोर्स में आप फाइनेंसियल रिपोर्टिंग, ऑडिटिंग, एथिक्स, कोस्ट मैनेजमेंट और टैक्स लॉ जैसे सब्जेक्ट पढ़ते हैं। ये सभी कोर्स आपको फाइनल के लिए तैयार करते हैं जिससे आप परीक्षा पास कर सकते हैं।

4. CA फाइनल की परीक्षा पास करने के बाद आपको भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (ICAI) में दाखिला लेना होगा। आपको बता दें कि ICAI चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एक प्रोफेशनल बॉडी है जो भारत में चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने के लिए आवश्यक योग्यता और आवश्यकताओं को निर्धारित करता है। वे भारत में प्रोफेशनल CA को रेगुलेट भी करते हैं। आपको हमने जो भी जानकारी दी है वो सभी जानकारी indeed से ली गई है।

# युवाओं में तेजी से बढ़ रही दिल की बीमारियां, रिपोर्ट में चौंकाने वाले आंकड़े



भारत में हर साल लाखों लोगों की जान लेने वाली बीमारियों में से सबसे बड़ा नाम अब हृदय रोग (Heart Diseases) का हो गया है। हाल ही में महापंजीयक के अधीन नमूना पंजीयन सर्वेक्षण (Sample Registration Survey, SRS) की रिपोर्ट सामने आई है। इस रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में होने वाली कुल मौतों में से लगभग 31 प्रतिशत मौतें दिल की बीमारियों के कारण हो रही हैं। यह आंकड़ा बेहद चौंकाने वाला है क्योंकि इसका असर सिर्फ बुजुर्गों पर ही नहीं, बल्कि युवा पीढ़ी पर भी साफ दिखाई दे रहा है।

**क्यों चिंता का विषय हैं हार्ट की बीमारियां?**

भारत में हार्ट अटैक और अन्य हृदय संबंधी बीमारियां इतनी तेजी से बढ़ रही हैं कि अब यह साइलेंट किलर साबित हो रही हैं। पहले जहां यह बीमारियां अधिक उम्र के लोगों में देखने को मिलती थीं, वहीं अब 25 से 40 साल की उम्र के युवाओं में भी ये तेजी से फैल रही हैं। कम उम्र में मौत: रिपोर्ट के मुताबिक कई युवा हार्ट अटैक का शिकार हो रहे हैं। असंतुलित जीवनशैली: तनाव, जंक फूड, धूम्रपान और शराब का सेवन, व्यायाम की कमी और नींद की अनियमितता इसकी बड़ी वजह हैं। शहरीकरण का असर: बड़े शहरों की भागदौड़ भरी ज़िंदगी और प्रदूषण से हृदय रोगों का खतरा और बढ़ रहा है।

**भारत में हृदय रोग के बढ़ते मामले**

नमूना पंजीयन सर्वेक्षण (SRS) की रिपोर्ट में साफ कहा गया कि देश में हर तीसरी मौत की वजह दिल की बीमारी है। इनमें से बड़ी संख्या उन लोगों की है जिन्हें समय पर इलाज या जांच नहीं मिल पाती। ग्रामीण और शहरी दोनों प्रभावित: पहले माना जाता था कि हार्ट की बीमारियां सिर्फ शहरी इलाकों की समस्या हैं, लेकिन अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसके मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। महिलाओं में भी खतरा: पहले पुरुषों को अधिक शिकार माना जाता था, लेकिन अब महिलाओं में भी हार्ट अटैक के केस बढ़ रहे हैं।

**युवाओं पर क्यों बढ़ रहा है खतरा?**

आज के समय में युवा सबसे ज्यादा हृदय रोगों के शिकार हो रहे हैं। इसके पीछे कई वजहें हैं:
तनाव और मानसिक दबाव: नौकरी का प्रेशर, प्रतियोगी माहौल और आर्थिक तनाव युवाओं को मानसिक रूप से कमजोर बना रहा है, जो सीधा असर दिल पर डालता है।
अनियमित खानपान: बाहर का तला-भुना, फास्ट फूड और कार्बोनेटेड ड्रिंक्स शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल बढ़ाते हैं।
धूम्रपान और शराब: युवा तेजी से स्मोकिंग और ड्रिंकिंग की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जिससे हृदय की नसें कमजोर होती हैं।
व्यायाम की कमी: भागदौड़ भरी ज़िंदगी में फिटनेस को समय नहीं देना, दिल की बीमारियों का सबसे बड़ा कारण बन रहा है।
मोबाइल और गैजेट्स का असर: देर रात तक जागना, स्क्रीन टाइम बढ़ना और नींद की कमी भी हृदय रोगों का बड़ा कारण है।

**हार्ट अटैक और हृदय रोगों के लक्षण**

अक्सर लोग शुरुआती लक्षणों को नज़रअंदाज़ कर देते हैं और यही बड़ी गलती साबित होती है। यदि इन लक्षणों को समय रहते पहचान लिया जाए तो जान बचाई जा सकती है।
सीने में दबाव या भारीपन महसूस होना, अचानक तेज पसीना आना, सांस लेने में तकलीफ, शरीर के बाएं हिस्से (खासकर हाथ और जबड़े) में दर्द, थकान और कमजोरी, चक्कर आना या बेहोशी

**कैसे बचें दिल की बीमारियों से?**

अगर जीवनशैली को सही किया जाए तो दिल की बीमारियों के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।
संतुलित आहार लें: हरी सब्जियां, फल, दालें और कम तेल-मसाले वाला भोजन करें।
नियमित व्यायाम: रोज़ाना कम से कम 30 मिनट वॉक, योग या एक्सरसाइज करें।
तनाव पर काबू: ध्यान (Meditation) और सकारात्मक सोच अपनाएं।
धूम्रपान-शराब से दूरी: इससे न सिर्फ दिल बल्कि पूरे शरीर की सेहत सुरक्षित रहती है।
नियमित जांच: ब्लड प्रेशर, शुगर और कोलेस्ट्रॉल की जांच समय-समय पर करवाते रहें।
नींद पूरी करें: रोजाना 7-8 घंटे की नींद ज़रूरी है।

**सरकार और समाज की भूमिका**

दिल की बीमारियों पर रोक लगाने के लिए सिर्फ व्यक्तिगत प्रयास ही काफी नहीं हैं।
जागरूकता अभियान: सरकार और स्वास्थ्य संस्थानों को लोगों को हार्ट हेल्थ के बारे में जागरूक करना होगा।
स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ें: ग्रामीण इलाकों में भी अच्छे अस्पताल और जांच सुविधाएं उपलब्ध करानी होंगी।
युवाओं के लिए हेल्थ प्रोग्राम: स्कूल, कॉलेज और ऑफिस में फिटनेस और हेल्दी लाइफस्टाइल को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम चलाए जाएं।

# सीकर में अमरसरिया मनिहार बिरादरी का सम्मान समारोह आयोजित



सीकर (रॉयल पत्रिका)। मनिहार विकास समिति की ओर से रविवार 7 सितंबर 2025 को अमरसरिया मनिहार बिरादरी का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह का आयोजन मनिहार छात्रावास के पास केशव मैरिज गार्डन, हनुमान वाटिका झुंझुनू, बायपास पर किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह की अध्यक्षता मोहम्मद इस्माइल (बीएसएनएल सेवानिवृत अधिकारी) जयपुर ने की। मनिहार विकास समिति के अध्यक्ष राजस्थान सरकार के जलदाय विभाग के पूर्व चीफ इंजीनियर इस्लामुद्दीन खान ने बताया की सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य है कि समाज के बच्चों में उच्च शिक्षा देने और प्रतियोगी परीक्षाओं की ओर रुझान बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि बच्चों में प्रतियोगिता की भावना पैदा होना ही सफलता की कुंजी है। सम्मान समारोह में 80 प्रतिभाओ को नगद इनाम एवं प्रशंसा पत्र से नवाजा गया। समारोह में 12 वीं कक्षा के टॉपर को 25 हजार द्वितीय टॉपर को 20 हजार और तृतीय टॉपर को 15 हजार रुपए के चेक दिए गए। इसी तरह दसवीं कक्षा में पहला, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले को क्रमशः 15, 10 एवं 7 हजार का चेक दिया गया। समारोह को सफल बनाने में हाजी इकरामुद्दीन, हाजी नानू खान, एडवोकेट मोहम्मद हनीफ, रिटायर्ड (एडीपी), मोहम्मद अजीज बागोली, हाजी सफी मोहम्मद जाखल, इकबाल जाखल, मोहम्मद सलीम सूरतगढ़, मुमताज चनाना, मुमताज सूरतगढ़, रमजान हनुमानगढ़, नाथू खान त्रिपुरा, सत्तार धमोरा, सत्तार चोमू, सलाउद्दीन जयपुर, निजामुद्दीन जयपुर, इमरान जयपुर, बदरुद्दीन जाखल, अजीज झोटवाड़ा, अहमद विद्याधरनगर, शहाबुद्दीन जयपुर, हारून नरूका, अब्दुल कलाम झोटवाड़ा, मुस्तफा जयपुर, मोहम्मद रफीक सी.आई. जयपुर, फुल खान तोगरा, फातुउद्दीन खंडेला, सलीम उदयपुरवाटी, हाजी सद्दीक गुहाला, इकरामुद्दीन खत्री, मुश्ताक चाला, जमील सिहोडी, सिराजुद्दीन आबू रोड, डॉ. मुमताज, अनवर नई दिल्ली का विशेष योगदान रहा।

# ईद मिलादुन्नबी पर जोधपुर में जश्न-ए-आमद-ए-रसूल, इंसानियत और भाईचारे का दिया पैगाम



जोधपुर (रॉयल पत्रिका)। पैगम्बर-ए-इस्लाम हज़रत मुहम्मद सल्ललाहो अलैहि वसल्लम की यौमे पैदाइश के मौके पर ईद मीलादुन्नबी का जश्न 5 सितम्बर (12 रबीउल अव्वल 1446 हिजरी) को बड़ी ईदगाह मस्जिद में सीरत कमेटी द्वारा आध्यात्मिक इस्लामी संस्थान दारूल उलूम इस्हाकिया के संरक्षक मुफ्ती ए आजम राजस्थान मौलाना शेर मोहम्मद रजवी की सरपरस्ती में बड़े हर्षोल्लास और सादगी के साथ मनाया गया।

**शांति, इंसानियत और मोहब्बत का संदेश-**

इस अवसर पर उत्तराखंड नैनीताल से तशरीफ लाए देश के प्रसिद्ध इस्लामी विद्वान मौलाना अल्हाज मोहम्मद हाशमी नूरी और मौलाना पीर सय्यद नूर मियां अशरफी ने पैगम्बर साहब की सीरत, शिक्षा और मानवता के संदेश पर रौशनी डाली। उन्होंने कहा कि पैगम्बर-ए-इस्लाम को रहमतुल्लिल आलमीन कहा गया है, जिनकी तालीम अमन, इंसानियत और भाईचारे की मिसाल है।

**नाते पाक और सामूहिक नमाज-**

कार्यक्रम में कारी मोहम्मद शरीफ, अब्दुस्सुब्हान कादरी और अताउर्रहमान कादरी ने जश्न-ए-आमद-ए-रसूल पर नाते पाक पेश की, जिससे माहौल रूहानी रंग में रंग गया। हजारों की संख्या में आशिक-ए-रसूल मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर बड़ी ईदगाह मस्जिद में सामूहिक जुम्मे की नमाज अदा की गई और अल्लाह की बारगाह में दुआएं की गईं।

**सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल-**

मुफ्ती शेर मोहम्मद रजवी ने कहा कि इस साल हिन्द और मुस्लिम दोनों समुदायों के पर्व एक साथ हैं, और दोनों मजहब के लोगों ने एक-दूसरे का स्वागत कर जोधपुर में गंगा-जमुनी तहजीब की शानदार मिसाल पेश की है, जिसे आने वाली नस्लें याद रखेंगी।

**ईद मीलादुन्नबीरू मुहब्बत और सेवा का दिन-**

ईद मीलादुन्नबी, पैगम्बर हजरत मुहम्मद सल्ललाहो अलैहि वसल्लम की यौमे पैदाइश की याद में मनाया जाता है। इस दिन को पूरी दुनिया के मुसलमान मुहब्बत, इबादत और खिदमत-ए-खल्क के जज़्बे के साथ मनाते हैं। घरों, मस्जिदों और दरगाहों को रौशनी से सजाया जाता है, गरीबों में कपड़े, मिठाई, फल और जरूरत की चीजें बांटी जाती हैं। साथ ही, जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला जाता है और नाते पाक पढ़ी जाती हैं। प्रवक्ता शौकत अली लोहिया ने कहा कि " ईद मीलादुन्नबी सिर्फ एक त्यौहार नहीं, बल्कि इंसानियत, मोहब्बत और भाईचारे का पैगाम है, जिसे हर दिल तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है।"

**यह भी मौजूद रहें-**

डॉ. सैयद वसीम अहमद, हजरत सय्यद मोहियुद्दीन अशरफ, मौलाना शाह मोहम्मद कादरी, मौलाना अली हसन, मौलाना आदम कादरी, मौलाना अलीमुद्दीन, मौलाना मेहरुद्दीन, मौलाना मुख्तार, हाफिज गुलाम मुस्तफा, मौलाना अली मोहम्मद कादरी, मौलाना अशफाक, मौलाना अहमद रजा, मौलाना बरकत अली अशरफी।


-गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन की तरफ से ब्लड डोनेशन कैंप संभागीय प्रभारी इस्माइल नागौरी ने बताया ईद मिलादुन्नबी के 1500 साला अवसर पर ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 70 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। कैंप में मथुरादास माथुर अस्पताल के डॉ सुरेश बिश्नोई, गणेश आचार्य, अमान उल हक व इकबाल बैंड बॉक्स, विधायक प्रतिनिधि सज्जाद, हाफिज नवाब] मौलाना असलम] राजू नूरी] मोहम्मद अमीन GNRF के कार्यकर्ता शामिल रहे।

# राजस्थान वक्फ बोर्ड ने मुस्लिम छात्रावास बनाने की अनुमति प्रदान की

## -दरगाह मीर सैयद अली शाह, शाहबाज अली जमालिया में होगा मुस्लिम छात्रावास का निर्माण



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान वक्फ बोर्ड ने एक बड़ा फैसला लेते हुए दरगाह मीर सैयद अली शाह अलमशहूर शाहबाज अली, जमालिया साहब झोटवाड़ा रोड, चांदपोल जयपुर स्थित खाली भू-भाग पर मुस्लिम छात्रावास निर्माण की अनुमति प्रदान की है। बोर्ड की 13 और 20 जून 2023 की बैठक में लिए गए प्रस्ताव के अनुसार जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) में यह स्पष्ट किया गया है कि— निर्माण कार्य के दौरान किसी भी कब्र को क्षति नहीं पहुंचनी चाहिए। सम्पत्ति का स्वामित्व हमेशा वक्फ बोर्ड के पास ही रहेगा। खर्च का वहन संबंधित पक्ष करेगा, वक्फ बोर्ड से कोई वित्तीय मांग नहीं होगी। निर्माण के लिए आवश्यक स्वीकृति स्थानीय निकायों से लेनी होगी।कार्य शुरू और समाप्ति की सूचना बोर्ड को देना अनिवार्य होगी। NOC की वैधता सिर्फ एक वर्ष तक होगी। किसी भी न्यायालय के स्थगन आदेश की स्थिति में NOC स्वतः निरस्त मानी जाएगी। इस निर्णय को समुदाय के शैक्षणिक विकास के लिए अहम कदम माना जा रहा है। दरगाह इंतजामिया कमेटी के लीगल एडवाइजर एडवोकेट असलम खान ने वक्फ बोर्ड चेयरमैन डॉ. खानू खान बुधवाली, विधायक रफीक खान, अमीन कागजी, सीनियर एडवोकेट एवं वक्फ बोर्ड सदस्य शाहिद हसन का शुक्रिया एवं आभार जताया।






















मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी मुन्नाखान के लिए अम्बर ऑफसेट प्राइवेट लिमिटेड, 3-A, डी एल टावर, विद्या आश्रम इंस्टीट्यूशनल एरिया, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312, मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाडा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित।
संपादक : मुन्नाखान मो. 9772552446 कार्यालय फोन - 0141-4982834 Gmail : royalpatrika@gmail.com Yahoo : royal_patrika@yahoo.com